# सजधज कर बैठा बाबा | By Sardar Romi |

भगत सभी बाराती बन गए
भाग्य सभी के जागे हैं
सजधज कर बैठा बाबा
बनड़ा सा लागे

करके सवारी लीले की
ये आया है खाटूवाला
भीमसेन का पौत्र लाड़ला
अहिलावती का ये लाला
बजरंगी बैठे हैं भक्तों
श्याम ध्वजा के आगे हैं
सजधज कर बैठा बाबा
बनड़ा सा लागे

तीन बाण कंधे पे सोहे
मोर छड़ी है हाथ जी
मोर मुकुट माथे पे सोहे
केसर चंदन माथ जी
चम-चम चमके श्याम का मुखड़ा
चंदा फीका लागे है
सजधज कर बैठा बाबा
बनड़ा सा लागे

चुन-चुन कर सुंदर फूलों का
सेहरा आज बना डाला
श्याम प्रभु के भक्तों ने
इन्हें बनड़ा आज बना डाला
सांवेरिये के दर्शन से
"रोमी" के दुखड़े भागे हैं
सजधज कर बैठा बाबा
बनड़ा सा लागे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%9c%e0%a4%a7%e0%a4%9c-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a5%88%e0%a4%a0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-sardar-romi/